# बच्चों का गणित से दूर किया डर

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर शहर के स्कूल-कॉलेजों और अन्य संस्थानों में हुए कार्यक्रम



**भोपाल, 22 दिसंबर. राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर आंचलिक विज्ञान केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन के लिए गणित-आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस आयोजन का उद्देश्य गणित को रोचक रूप में प्रस्तुत करना तथा दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता को उजागर करना और गणित विषय से जुड़े भय को दूर करना रहा.**

इस अवसर पर विद्यार्थियों में तार्किक सोच, गणितीय अवधारणाओं की समझ विकसित करने के उद्देश्य से कक्षा 5 से 7 तक के विद्यार्थियों के लिए रूबिक क्यूब सॉल्विंग स्पर्धा आयोजित की गई. इसमें विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से 53 विद्यार्थियों ने भाग लिया. 'मैथेमैजिक' में पहेलियों एवं गतिविधि-आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से गणितीय सिद्धांतों को मनोरंजक ढंग से प्रदर्शित किया गया.

### एमवीएम कॉलेज में गणित दिवस पर संगोष्ठी

**भोपाल, 22 दिसंबर.** एमवीएम कॉलेज में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर गणित दिवस मनाया गया. इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी प्रमुख वक्ता प्रांत संयोजक चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के भरत व्यास ने कहा कि गणित केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका गहरा संबंध अध्यात्म से भी जुड़ा हुआ है. उनके अनुसार गणित के बिना जीवन और चिंतन की कल्पना अधूरी है. कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. मथुरा प्रसाद ने कहा कि गणित सभी विषयों की आधारशिला है और हर क्षेत्र में इसकी उपयोगिता है. डॉ . सुषमा दुराफे ने भी अपने विचार व्यक्त किए.

## नूतन कॉलेज में पोस्टर, मॉडल प्रदर्शनी



**भोपाल, 22 दिसंबर. सरोजिनी नायडू कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय ( नूतन कॉलेज ) के गणित विभाग द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर एक साप्ताहिक कार्यक्रम, 'प्राचीन भारतीय गणित का दृष्टिकोण ( वैदिक काल के परिपेक्ष्य में )' का आयोजन किया जा रहा है.**

इस साप्ताहिक कार्यक्रम में पोस्टर व मॉडल प्रदर्शनी, व्याख्यान, अंर्तमहाविद्यालय निबंध व गणितीय रंगोली प्रतियोगिता, गणितीय कव्वाली लघु नाटिका, श्रीनिवास रामानुजन पर आधारित प्रहसन, श्याम पट्टिका नृत्य, प्राचीन भारतीय गणित पर आधारित शोध पत्रों के संकलन (संस्करण द्वितीय, आईएसबीएन सहित) के मुख्य पृष्ठ का अनावरण सम्मिलित है. यह सभी कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे हैं. गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कविता श्रीवास्तव, प्राध्यापक डॉ. श्रद्धा दुबे समस्त कार्यक्रमों का सफल संयोजन कर रही हैं. अतिथि विद्वान डॉ. ज्योति नेमा, डॉ. आकांक्षा सिंह व डॉ. शिबा खान के सक्रिय सहयोग व बड़ी संख्या में छात्राओं की उत्साह पूर्ण भागीदारी में समस्त कार्यक्रम आयोजित होंगे.



**कलश यात्रा निकाली, श्रीमद् भागवत कथा शुरू**

**भोपाल, 22 दिसंबर.** दुर्गा मंदिर 1100 क्वार्टर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ. इसके पहले दुर्गा मंदिर से एमसीसी ग्राउंड चित्रकूट मंदिर अरेरा कॉलोनी तक कलश यात्रा निकाली गई. प्रतिदिन संत सन्त जगतगुरु श्रीधराचार्य अयोध्या धाम श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराएंगे.

### नेहरू नगर में श्री राम कथा का समापन

**भोपाल, 22 दिसंबर.** नेहरू नगर डी सेक्टर में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा का सोमवार को समापन हो गया. कथा का वाचन चित्रकूट धाम के बाल ब्रह्मचारी संत सर्वेस्वरानन्द सरस्वती महाराज ने किया. यह आयोजन भोपाल महानगर जागरूक नागरिक मंच के तत्वावधान में किया गया था. अंतिम दिन के प्रसंग में संत सर्वेस्वरानन्द सरस्वती ने लक्ष्मण द्वारा सूर्पनखा के नाक-कान काटने और रावण के भाई खर-दूषण के वध का वर्णन किया. इसके बाद शबरी के आश्रम पहुंचकर भगवान राम द्वारा नवधा भक्ति का ज्ञान देने की कथा सुनाई गई.

### भारत भवन में 10 कलाकारों के समूह चित्र प्रदर्शनी आज से

**भोपाल, 22 दिसंबर.** भारत भवन के रूपंकर कला प्रभाग की ओर से मंगलवार से समूह चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 10 समकालीन कलाकारों की चित्रकला और शिल्प कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है. भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि इस प्रदर्शनी में सरोज रानी, सचिव गौतम, ललित मोहन सोनी, वीरेन्द्र कुमार शर्मा, गरिमा रानी, दीक्षा जायसवाल, सुनील कुमार पटेल, विनीता वर्मा, राम मनोज और रामकुमार पटेल की अद्भुत कृतियाँ देखने को मिलेंगी. प्रदर्शनी का उद्घाटन शाम 5 बजे होगा और यह 28 दिसंबर तक कला प्रेमियों के लिए खुली रहेगी.

## एआई पर निर्भर न रहें, सोचने की क्षमता बढ़ाएं

### हमीदिया कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम



**भोपाल, 22 दिसंबर. हमीदिया कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग ने न्यू एजुकेशन प्रोग्राम पाठ्यक्रम के तहत सभी विषयों के स्नातक छात्रों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया. इसका उद्देश्य छात्रों की शोध कौशल,सोच और शिक्षा की समझ को बढ़ाना था.**

प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएमसीओई गवर्नमेंट हमीदिया कॉलेज के वर्चुअल क्लासरूम में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनिल शिवानी, प्राचार्य गवर्नमेंट हमीदिया कॉलेज ने की. डॉ. शिवानी ने छात्रों से आग्रह किया कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अधिक निर्भर न रहें और एनईपी 2020 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी सोच क्षमता को विकसित करें. कार्यक्रम का सह-अध्यक्षता डॉ. सोना शुक्ला, विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने की, जिन्होंने विभाग के नवाचारी शिक्षण-अधिगम अभ्यासों और शोध-उन्मुख गतिविधियों के माध्यम से एनईपी को लागू करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला. डॉ. मंगला गौरी ने परियोजना लेखन की बारीकियों, इंटर्नशिप के दौरान क्या करें और क्या न करें, और प्रशिक्षुता के लाभों के बारे में विस्तार से बताया. कार्यक्रम में 250 से अधिक स्नातक छात्रों ने भाग लिया, और शिक्षकों में डॉ. वर्षा सगोरकर, डॉ. माधवी लता दुबे, डॉ. सोनल खरे और पुष्पेंद्र त्रिपाठी सहित उनके संकाय सदस्य भी उपस्थित थे.

**कार्यक्रम** | सेवा भारती, महिला अधिकार मंच ने किया आयोजन

# मंगल गीत गाकर महिलाओं की गोद भराई

**भोपाल, 22 दिसंबर. भोपाल सेवा भारती एवं महिला अधिकार मंच के संयुक्त तत्वावधान में शंकराचार्य मंडल क्षेत्र में मजदूर परिवारों की 15 गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई संस्कार का आयोजन किया गया.**




कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन सेवा भारती महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह, रमेश गोतेले, भगवान दास ढालिया, डॉ. रामअवतार यादव, निशिका, कोमल जैन, रिद्धि लखेरा के साथ किया. मंच की अध्यक्ष पूजा मंगतानी ने अपने संबोधन में कहा कि माता और शिशु का सुरक्षित प्रसव एवं महिला का स्वस्थ रहना उसका मौलिक अधिकार है. समाज और संस्थाओं का दायित्व है कि गर्भवती महिलाओं को हर संभव सहयोग और जागरूकता प्रदान की जाए. महिला अधिकार मंच की को-ऑर्डिनेटर मेघना सिंह ने महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारीदी. वहीं डाइटीशियन जसप्रीत कौर ने गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार एवं पोषण के महत्व पर जानकारी देकर महिलाओं को जटिलताओं से बचाव के लिए जागरूक किया. सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाकर 15 गर्भवती महिलाओं की विधिवत फल, श्रृंगार सामग्री, चावल, आयरन एवं कैल्शियम सिरप, प्रोटीन पाउडर तथा कंबल भेंट कर गोद भराई की गई.

